ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट) 50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	3 DAYS 100/-	15 DAYS 500/-	1 MONTH 1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS 500/-	7 DAYS 1800/-	1 MONTH 3000/-
पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-	
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-	
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-	
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate		
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द	Rs. 500/-		

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

रतनगढ़ मेले में पहुंचे लाखों श्रद्धालु,हर तरफ जनसैलाब

शुक्रवार तक भीड़ का आंकड़ा 30 लाख पार करने के आसार, प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,22अक्टूबर। रतनगढ़ में दीपावली के अवसर पर लगने वाला लख्खी मेला अपने उत्कर्ष पर पहुंच गया है। माता रतनगढ़ और कुंअर बाबा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो रहा है। डेढ़ किलोमीटर की पहाड़ी पर हर ओर श्रद्धालुओं का जनसैलाब नजर आ रहा है। जैसे ही सुबह पट खुले, पहाड़ी पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। तीन किलोमीटर की पहाड़ी पर लाखों लोग जुटे हैं।

इस बार प्रशासन ने मेले का आयोजन स्मार्ट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत किया है। पहली बार एंट्री और एग्जिट के लिए अलग-अलग रास्ते बनाए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं की भीड़ को आसानी से नियंत्रित किया जा रहा है।

मुख्य पार्किंग बसई मलक में बनाई गई है, जो मंदिर से 4 किलोमीटर दूर है। इसमें लगभग 6,000 वाहन पार्क किए जा सकते हैं। इसके अलावा अन्य पार्किंग स्थल भी बनाए गए हैं दूल्हादेव, मरसेनी तिराहा, भगुवापुरा, खंजापुरा के अलावा ग्वालियर रोड और मंगरोल-लोकेंद्रपुर मार्ग पर भी पार्किंग उपलब्ध है।

आज सुबह से अब तक लाखों श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। प्रशासन का अनुमान है कि शुक्रवार तक यह आंकड़ा 30 लाख पार कर जाएगा। हर पार्किंग स्थल पर दिशा-सूचक बोर्ड, स्वयंसेवक, पुलिस बल और मेडिकल टीम तैनात हैं। फूल सजे स्वागत द्वार और जगह-जगह भोजन-जल सेवा के कैंप लगे हैं। आसपास के किसानों ने प्रशासन का सहयोग करते हुए खेतों की बुवाई टाल दी, जिससे अतिरिक्त स्थान पार्किंग और कैंपों के लिए उपलब्ध हुआ।

मंदिर जाने के लिए अलग अलग रास्ते बनाए गए हैं। पार्किंग से मंदिर तक 10 यात्री प्रतीक्षालय बनाए गए हैं, प्रत्येक में 100 से अधिक श्रद्धालु ठहर सकते हैं। रतनगढ़ सेवा समिति ने यज्ञ शाला के पीछे खुला विश्राम स्थल तैयार किया है, जिसमें 1,000 से अधिक श्रद्धालु ठहर सकते हैं।

श्रद्धालु माता रतनगढ़ की सीढ़ियां चढ़कर सीधे मंदिर पहुंचे और पहाड़ी के रास्ते कुंअर बाबा मंदिर तक गए। वापसी के लिए नए निर्मित रास्ते और सीढ़ियां बनाई गई हैं।

मेला इस बार 21 से 24 अक्टूबर तक चलेगा। कल गोवर्धन पूजा हुई तो आज दौज पूजा की गई। कुंअर बाबा भवन 4,000 स्क्वायर फीट में तैयार किया गया है और परिक्रमा मार्ग चौड़ा किया गया है। सिंध नदी में 2200 फीट लंबा सुरक्षा जाल लगाया गया है। पहाड़ी की चौड़ाई बढ़ाई गई और नया सीसी रोड बनाया गया है। 12 वाटर कूलर से 1,000 लीटर ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया है। पहाड़ी के नीचे और ऊपर भंडार गृह, स्नान गृह, भोजन स्थल और धर्मशालाएं तैयार किए गए हैं।

बागेश्वर महाराज सुनाएंगे चम्बल की धरती पर हनुमंत कथा

नवग्रह भगवान के प्राण प्रतिष्ठा में होगी तीन दिवस कथा, देशभर से जुटेंगे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,22अक्टूबर। बागेश्वर धाम पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा पहुंचे। गृहमंत्री ने बागेश्वर बालाजी के दर्शन का आशीर्वाद प्राप्त किया और महाराजश्री से भेंट की। इस दौरान उन्होंने बागेश्वर महाराज को अंग वस्त्र भेंट कर पगड़ी पहनाई और आशीर्वाद लिया। फरवरी में डबरा में एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है, जिसमें नवग्रह भगवान की प्राण प्रतिष्ठा में तीन दिवसीय हनुमंत कथा बागेश्वर महाराज के द्वारा सुनाई जाएगी, जिसका संकल्प करने के लिए डॉ. मिश्रा बागेश्वर धाम पहुंचे थे। बागेश्वर महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि डबरा की धरती पर विशाल आयोजन और प्रयागराज महाकुंभ की तर्ज पर अब द्वितीय महाकुंभ डबरा की धरती पर लगने जा रहा है, जो 14 फरवरी से 20 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस चंबल के महाकुम्भ में बागेश्वर महाराज 3 तीन दिवसीय श्री हनुमंत कथा का रसपान ग्वालियर चंबल क्षेत्र के श्रद्धालुओं को करवाएंगे। इस कार्यक्रम में देश के कई बड़े साधु संत और दिग्गजों का जमावड़ा भी लगेगा। नरोत्तम मिश्रा द्वारा डबरा में नवग्रह की स्थापना करवाई जा रही है। आज नारियल के भेट के के साथ कथा संकल्प उन्होंने बालाजी के चरणों में लिया।

सराफा में कपड़े की दुकान में आग, लाखों के कपड़े-फर्नीचर जले

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,22अक्टूबर। सराफा बाजार डबरा स्थित मेंस वियर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में दुकान को लगभग 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ है, जिसमें 5 लाख के कपड़े और 3 लाख का फर्नीचर जलकर नष्ट हो गया। दुकान मालिक जितेंद्र सोनी दो दिन की छुट्टी के बाद दुकान खोलने पहुंचे थे। निचली मंजिल पर लाइट चालू करने के बाद जब वह ऊपरी मंजिल पर गए, तभी शॉर्ट सर्किट हुआ और आग लग गई। जितेंद्र सोनी ने तुरंत नीचे आकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कपड़े और पॉलिथीन सामग्री के कारण आग तेजी से फैल गई और विकराल रूप ले लिया। आसपास के दुकानदारों ने तत्काल अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने में मदद की।सराफा बाजार के एक युवक ने वार्ड 19 के पार्षद कपिल खटीक को सूचना दी, जिसके बाद पार्षद तुरंत फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग से दुकान की निचली मंजिल पर रखा फर्नीचर और कपड़े पूरी तरह जलकर खाक हो गए। दुकानदार जितेंद्र सोनी के अनुसार, दीपावली के सीजन के लिए बड़ी मात्रा में कपड़े दुकान में रखे थे, जिससे नुकसान का अनुमानित आंकड़ा 5 लाख रुपए के कपड़े और 2.5 से 3 लाख रुपए के फर्नीचर का है। पीड़ित दुकानदार ने इस संबंध में थाने में आवेदन दिया है। यदि यह घटना रात के समय होती तो आग पड़ोस की कई दुकानों तक भी फैल सकती थी, जिससे नुकसान का दायरा काफी बढ़ सकता था।

सुबल सागर का चातुर्मास जैन समाज के तत्वाधान में हुआ

क्षुल्लक श्री अर्पण सागर ने हाथों से केश को उखड़े फेंके, 227 उपवास कर चुके है

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,22अक्टूबर। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज एवं मुनिराज ओर क्षुल्लक श्री ससंघ का चातुर्मास नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में चतुर्मास मंगल कलश निष्ठापन के साथ संपन्न हुआ। वही आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास सन्मति सुबल वर्षायोग समिति ओर सकल जैन समाज के तत्वाधान में किया गया। आचार्यश्री ससंघ जून माह से अक्टूबर तक प्रवास इसी शहर में रहा। यह नगरवासियों का तीव्र पुण्योदय था और भक्ति भावों का तत्काल मिला फल कि इस शहर को मुनिराज का लम्बी अवधि तक सानिध्य प्राप्त हुआ। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में चातुर्मास मंगल कलश निष्ठापन समारोह का आयोजन किया गया। आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने चतुर्मास कलश वितरण निर्मल मंजू पाटनी, कलश अनिल नूतन जैन, भगवानदास अतुल जैन, निर्मल जैन आदि को कलश वितरण किए। चातुर्मास प्रारम्भ के समय आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के सान्निध्य में श्रावकों व भक्तों द्वारा मंगल प्रतीक के रूप में कलशों की स्थापना चातुर्मास स्थल पर की जाती है। चातुर्मास समाप्ति के बाद शुभ, मंगल के प्रतीक यह कलश उन्हीं श्रावकों को प्रदान कर दिए जाते हैं। चातुर्मास स्थल पर मंगल प्रतीक के रूप में स्थापित हुए, इन कलशों को बहुत ही शुभ माना जाता है। जिन्हें श्रावकजन मंगल और पावन प्रतीक के रूप में अपने घरों में स्थापित कर लेते हैं। क्षुल्लक श्री अर्पण सागर ने हाथों से केश को उखड़े फेंके, 227 उपवास कर चुके है। सुबह क्षुल्लक श्री अर्पण सागर महाराज ने केश लोचन शुरू किए। इसके बाद क्षुल्लक श्री ने अपने हाथों से सिर, दाढ़ी और मूंछों के बाल उखाड़ फेंके। इस केश लोचन की प्रक्रिया को देखकर भक्त भावुक हुए। क्षुल्लक श्री के केश लोचन की प्रक्रिया करीब दो घंटे तक चली।

पटाखा चलाने पर युवक को बेरहमी से पीटा

बाइक हटाने की बात पर गुस्से में तीन बदमाशों ने किया हमला

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,22अक्टूबर। पटाखे चलाते समय बाइक सवार तीन युवकों से बाइक हटाने की कहना एक युवक को भारी पड़ गया। बाइक सवारों ने पटाखा चला रहे युवक की जमकर मारपीट कर दी। मारपीट की घटना पास ही लगे कैमरे में कैद हुई है। आज बुधवार को फुटेज सामने के बाद मामला दर्ज किया गया है।

घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के 60 फुट रोड की है। वीडियो वायरल होने के बाद युवक ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत थाने में की है। वहीं पुलिस ने बुधवार रात उसकी शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गौतम नगर निवासी फरियादी कपिल यादव ने पुलिस को बताया कि वह कुम्हारपुरा में साठ फुटा रोड गौतम नगर में अपने घर के सामने पटाखे चला रहा था। इसी समय बाइक पर कामेश उर्फ कोर्कु, उसका साथी अमित गौड़ और दीपेश जाटव आए। उन्होंने कपिल यादव जहां पटाखे चला रहा था वहां अपनी बाइक खड़ी कर दी। इसी समय कपिल ने उनसे कहा कि वह पटाखे चला रहा है तो आप अपनी बाइक को वहां से हटा ले नहीं तो पटाखे से उनकी बाइक में नुकसान हो जाएगा।

उसकी यह बात सुनकर तीनों युवक आग बबूला हो गए। पहले गाली गलौज की और जब कपिल ने गालियां देने से मना किया तो बाइक सवार अमित ने लोहे के पाइप को उठाकर उसकी पिटाई कर दी। उसके दो साथी दीपेश और कामेश ने थप्पड़, लात-घूसों से मार रहे थे। उसके साथ मारपीट होते देख कपिल के दोस्त करण ने बीच बचाव किया। इस घटना में कपिल घायल हो गया। इसके बाद तीनों युवकों ने उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मारपीट की यह पूरी घटना पास ही लगे एक कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। घटना के बाद कपिल अपने साथी करण के साथ शिकायत करने थाने पहुंचा है। उसे लहूलुहान देख पुलिस ने तत्काल मेडिकल के लिए अस्पताल पहुंचाया।

भाई दूज आज, भगवान चित्रगुप्त का होगा पूजन

ग्वालियर। गोवर्धन पूजन के अगले दिन गुरुवार को भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना कर कलम दवात की पूजा की जाएगी।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूनम सोनी पत्नी शिवकुमार सोनी एवं दिलीप कुमार सोनी पुत्र प्रेम नारायण सोनी ने एक व्यवसायिक भवन जो सर्वे क्रं. 2118 के भाग पर निर्मित है, जिसका म्यु. क्रं. 22/1603 बाद 24/982, म्यु. सम्पत्ति आई.डी. 1000328186 है, जिसका क्षेत्रफल 37.54 वर्गमीटर है, स्थित मोहन नगर, थाटीपुर, वार्ड क्रं. 24, हाउसिंग एकोमोडेशन स्कीम नं. 2बी, गांधी रोड़, ग्वालियर में है। जिसकी चतुर्सीमा निम्न प्रकार है : पूर्व में - भवन मिश्रा जी, पश्चिम में - रास्ता आम, उत्तर में - सम्पत्ति अन्य, दक्षिण में - सम्पत्ति श्रीमती रश्मि जैन, को क्रय करने का अनुबंध सम्पत्ति स्वामी मनीष जैन पुत्र सुरेश चन्द जैन एवं श्रीमती इन्दूलता अग्रवाल पत्नी गिर्राज किशोर अग्रवाल एवं श्रीमती निकिता अग्रवाल पत्नी दीपक अग्रवाल से किया है। मनीष जैन ने उक्त सम्पत्ति को जरिये वि. प. पं. दि. 09/03/2021 के द्वारा श्रीमती अंजू जैन पत्नी राकेश जैन एवं श्रीमती रजनी जैन पत्नी शशांक जैन से क्रय किया था। श्रीमती अंजू जैन एवं श्रीमती रजनी जैन ने उक्त सम्पत्ति को जरिये वि. प. पं. क्रं. 1741 (ख) पं. दि. 28/10/2010 के द्वारा श्रीमती पूनम जैन पत्नी पारस जैन एवं श्रीमती कविता अग्रवाल (बंसल) पत्नी गौरव बंसल एवं कु. शालिनी सेंगर पुत्री रविन्द्र सिंह सेंगर से क्रय किया था। क्रय करने के पश्चात् मनीष जैन ने उपरोक्त भवन का निर्माण किया है। मनीष जैन ने उक्त सम्पत्ति में भूतल पर स्थित दुकान को जरिये वि. प. पं. दि. 09/03/2021 के द्वारा श्रीमती इन्दूलता अग्रवाल पत्नी गिर्राज किशोर अग्रवाल एवं श्रीमती निकिता अग्रवाल पत्नी दीपक अग्रवाल को विक्रय किया है। विक्रेतागणों के अनुसार, उक्त सम्पत्ति का पूर्व असल वि. प. पं. क्र 1741 (ख) पं. दि. 28/10/2010 कहीं गुम हो गये है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र शीघ्र ही क्रेता द्वारा अपने हित में निष्पादित कराया जाने वाला है अतः कोई व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, प्रायवेट फाइनेंसर, उपरोक्त सम्पत्ति में अपना हक, अधिकार, ऋणभार, जमानत सम्बन्धि भार, अनुबंध रखते हो या उपरोक्त वर्णित पूर्व असल वि. प. पं. क्रं. 1741 (ख) पं. दि. 28/10/2010 को पूर्व सम्पत्ति स्वामियों या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा किसी बैंक या प्रायवेट फायनेन्सर के यहाँ बंधक रखकर ऋण लिया हो या कोई व्यक्ति किसी प्रकार का दखल उपरोक्त सम्पत्ति में रखता हो तो, उक्त सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में मय दस्तावेजों के हमारे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, 07 दिवस पश्चात् उपरोक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र क्रेता द्वारा अपने हित में निष्पादित करा लिया जायेगा, उसके पश्चात् प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा उपरोक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर वित्तीय संस्था द्वारा क्रेता को ऋण प्रदान कर दिया जायेगा। वित्तीय संस्था द्वारा दिये गये ऋण का भार उपरोक्त सम्पत्ति पर सर्वप्रथम व एकमात्र होगा।

प्रेषकः कौशल पाराशर एवं सुमित तिवारी (एडवोकेट्स)
कार्यालय - स्व. श्री ओ. पी. शर्मा, एडवोकेट
जस्टिस हरगोविन्द मिश्रा कॉलोनी, महादजी पार्क, लश्कर, ग्वालियर, मोबा. : 98931-14325

पड़ोसी ने की फायरिंग : जान बचाने के लिए भागा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,22अक्टूबर। पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए एक पड़ोसी ने युवक से गाली गलौज कर फायरिंग कर दी। जान बचाने के लिए युवक घटना स्थल से भागा तो आरोपी के बेटों ने उसे घेर लिया और बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट की, साथ ही धमकाया कि पुलिस के पास गया तो जान से खत्म कर देंगे। घटना गोला का मंदिर गायत्री विहार पिंटो पार्क इलाके की है। घटना के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत गोला का मंदिर थाना में की है। पुलिस ने हमलावरों पर मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से हमलावर फरार हैं। शहर के गोला का मंदिर थाना क्षेत्र स्थित गायत्री विहार कॉलोनी पिंटो पार्क निवासी रवि सिंह तोमर पुत्र दशरथ सिंह तोमर का पड़ोसी सोमेश्वर भदौरिया से विवाद चल रहा है। रवि अपने दरवाजे पर खड़े थे कि तभी सोमेश्वर भदौरिया उनसे गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने राइफल से फायरिंग कर दी। अचानक हुई फायरिंग से रवि तोमर घबरा गया और जान बचाकर भागा। जिस पर पड़ोसी सोमेश्वर भदौरिया के बेटे तेज प्रताप व राहुल भदौरिया ने उसको सड़क पर घेर लिया। इसके बाद रवि को सड़क पर बेरहमी से पटक-पटककर पीटा है। घटना का पता चलते ही पुलिस स्पॉट पर पहुंची, लेकिन जब तक हमलावर भाग चुके थे। पुलिस ने फरियादी रवि तोमर का मेडिकल कराने के बाद हमलावरों पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी गोला का मंदिर हरेंद्र शर्मा ने बताया- मारपीट व फायरिंग की घटना हुई है। दोनों पक्षों में काफी दिन से विवाद चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

सरवटे स्मृति दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित

ग्वालियर। आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला ग्वालियर के संस्थापक सदस्य ,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक रामचंद्र सरवटे के स्मृति दिवस के अवसर पर सरवटे चौक हजीरा ग्वालियर पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई । उसके बाद पार्टी कार्यालय सरवटे भवन हजीरा ग्वालियर पर संगोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता कॉम बारेलाल पाल ने की ।

श्री राम बारात आमंत्रण पत्र पूजन 24 अक्टूबर को होगा

ग्वालियर । सकल ब्राह्मण महासमिति की कोर कमेटी की बैठक समिति के संस्थापक डॉ जयवीर भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय पर संपन्न हुई । जिसमें 25 नवंबर को होने वाले भगवान श्री राम बारात एवं नवीन कार्यकारिणी के लिए सक्रिय सदस्य एवं आजीवन सदस्यता अभियान में तेजी लाने पर विचार किया गया। और सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि कि ग्वालियर के इतिहास में पहली बार भगवान श्री राम की सामूहिक बारात के आमंत्रण पत्र का पूजन बाजरे की खिचड़ी के भोग के साथ 24 अक्टूबर शुक्रवार दोपहर 3:00 बजे होगा।

ग्वालियर से लापता बालक मुंबई में मिला

ग्वालियर। ग्वालियर का 14 साल का एक किशोर माता-पिता की डांट से नाराज होकर घर से निकल गया। करीब 14 दिन बाद वह मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के पास घूमता हुआ मिला। पुलिस ने उसे सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। किशोर 9वीं कक्षा का छात्र है और मुरार के त्यागी नगर का रहने वाला है। किशोर अपने माता-पिता के साथ महाराजपुरा के जहांगीरपुर स्थित बल्ला क्रशर वाले शिव-पार्वती मंदिर में पूजा करने गया था। पूजा के दौरान किसी बात पर माता-पिता ने उसे डांट दिया, जिससे नाराज होकर वह मंदिर से अकेले ही निकल पड़ा।किशोर ने बताया कि वह पैदल चलकर सड़क तक पहुंचा, जहां से एक बस पकड़कर मुरैना रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां से बिना किसी को कुछ बताए वह पंजाब मेल ट्रेन में सवार हो गया। जब उसकी नींद खुली, तब वह मुम्बई के बॉम्बे सेंट्रल स्टेशन पर था। इसके बाद वह गेटवे ऑफ इंडिया सहित अन्य जगहों पर घूमता रहा।जब परिजन ने किशोर को मंदिर से लापता पाया, तो तुरंत महाराजपुरा थाने में सूचना दी। पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए अपहरण की धाराओं में केस दर्ज किया और खोजबीन शुरू की। महाराजपुरा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह यादव और बेहटा चौकी प्रभारी एसआई क्षमा राजौरिया को मोबाइल लोकेशन के आधार पर दो दिन पहले उसकी लोकेशन मुम्बई में मिली, जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे गेटवे ऑफ इंडिया के पास से बरामद कर लिया।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 15 वार्ड क्रमांक 34 भवन क्रमांक 186 स्थान पारदी मोहल्ला,शिन्दे की छावनी में स्थित है जो कि सुशीला देवी कुशवाह/प्रयाग सिंह कुशवाह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000067893 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी21/जीआर17402025ए100863704 दिनांक 25/09/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन दिनांक 17/10/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन आनलॉईन सम्पत्ति ट्रांसफर नं-पीटी 24701 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 22-10-2025
आवेदक का नाम/पता
रेनू सिंह कुशवाह/दिनेश सिंह कुशवाह
पता : 186 पारदी मोहल्ला,
शिन्दे की छावनी,ग्वालियर म.प्र.
मो. 9300601155

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 55 भवन क्रमांक... स्थान शिवाजी नगर में स्थित है जो कि श्रीमती गुलाब बाई/स्व.लालाराम,महेन्द्र,विश्वास/स्व.लालाराम के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000085227 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 3215 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए1/24253/5 दिनांक 13/09/2012 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन समाधान केन्द्र ऑमखो पर दिनांक 13/10/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य कमांक 25000197624 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 22-10-2025
आवेदक का नाम/पता
मुनीश्वर सिंह तोमर/जगमोहन सिंह,
मनोज तोमर/प्रहलाद सिंह तोमर,
जितेन्द्र सिंह भदौरिया/जय सिंह
पता : शिवाजी नगर,ग्वालियर म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 21 वार्ड क्रमांक 55 भवन क्रमांक... स्थान शिवाजी नगर में स्थित है जो कि श्रीमती गुलाब बाई/स्व.लालाराम, महेन्द्र, विश्वास/स्व.लालाराम के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक... पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 4292 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए1/2297 दिनांक 19/11/2012 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन समाधान केन्द्र ऑमखो पर दिनांक 13/10/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य कमांक 25000197658 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 22-10-2025
आवेदक का नाम/पता
सुनीता तोमर/मुनीश्वर सिंह तोमर,
मनोज तोमर/प्रहलाद सिंह तोमर,
जितेन्द्र सिंह भदौरिया/जय सिंह
पता : शिवाजी नगर,ग्वालियर म.प्र.

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों / सहदेनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया.... रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री भगवान सिंह श्रीमती रानी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 10592176)	पटवारी हलका संख्या 75, वार्ड संख्या 12, मकान संख्या 181 का वह पूरा टुकड़ा, ग्राम बुहारा, तहसील और जिला दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475661 में स्थित. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल. संपत्ति क्षेत्रफल- 2800.00, 1600.00, 2000.00.	रु. 553601/- (रु. पांच लाख तिरेपन हजार छह सौ एक मात्र)	11-6-2025	18-10-2025
श्री मातादीन, श्रीमती नीलम मातादीन एग्रीकल्चर एंड कैटल इंकम (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 10622481)	पटवारी हल्का संख्या 75, वार्ड संख्या 12, मकान संख्या 181 का वह पूरा टुकड़ा 27, ग्राम पावा, घाटीगांव, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, भारत, 475330 में स्थित है. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, निर्मित_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र. संपत्ति का क्षेत्रफल- 4200.00, 1400.00, 1120.00	रु. 568028/- (रु. पांच लाख अड़सठ हजार अट्ठाइस मात्र)	28-4-2025	18-10-2025
श्री पंजाब सिंह श्रीमती लाली पंजाब सिंह डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10774603)	पटवारी हल्का संख्या 27, खसरा संख्या 155 का वह पूरा टुकड़ा, ग्राम पावा मड़ैया, बरई, ग्राम पंचायत पावा, तहसील घाटीगांव, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475330, भारत में स्थित है. क्षेत्रफल (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्र, कालीन_क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफल- 2400.00, 750.00	रु. 525865/- रु. पांच लाख पच्चीस हजार आठ सौ पैंसठ मात्र)	16-7-2025	18-10-2025
श्री कोक सिंह श्रीमती मीना बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10774729)	पीएचएन 27, खसरा संख्या 155 का वह पूरा टुकड़ा, माप क्षेत्र 3000 वर्ग फीट, पावा पोस्ट, बरई, तहसील-घंटियागांव, ग्वालियर, मध्य प्रदेश- 475330 भारत में स्थित क्षेत्रफल (वर्ग फीट में):- संपत्ति का प्रकार:- भूमिक्षेत्र, कालीनक्षेत्र संपत्ति क्षेत्र:- 3000.00, 1700.00.	रु. 530496/- (रु. पांच लाख तीस हजार चार सौ छियानवे मात्र)	12-6-2025	18-10-2025

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी **ब्रांच आफिस:** डी-1, ग्राउंड फ्लोर, बसंत विहार ग्वालियर-474002/ या **कार्पोरेट ऑफिस**- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.
स्थान- ग्वालियर, दिनांक- 23-10-2025 प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को क्लियल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया.... रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री रमेश यादव श्रीमती विमला यादव (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10695887)	पटवारी अधिकार वाली संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा हल्का संख्या 06, मकान संख्या 22, वार्ड संख्या 1, खसरा संख्या 58, गाँव बिदनिया, ग्राम पंचायत बिदनिया, पोस्ट बहादुरपुर, तहसील और जिला दतिया, मध्य प्रदेश, 475661, भारत क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, संपत्ति का क्षेत्रफल- 1375.00, 747.00	रु. 515651/- (रु. पांच लाख पन्द्रह हजार छह सौ इक्यावन मात्र)	24-06-2025	17/10/2025
श्री श्रीराम पाल श्रीमती गायत्री (प्रॉस्पेक्ट संख्या आईएल10516056)	संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा, जिस पर पटवारी हल्का संख्या 06, मकान संख्या 32, वार्ड संख्या 05, गाँव निरावल, तहसील दतिया, जिला दतिया, मध्य प्रदेश, भारत, 475662 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में)- संपत्ति का प्रकार- भूमि_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल- 900.00, 900.00	रु. 305230/- (रु. तीन लाख पांच हजार दो सौ तीस मात्र)	20-06-2025	17/10/2025

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: डी-1, ग्राउंड फ्लोर, बसंत विहार, ग्वालियर-474002/ या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.
स्थान- ग्वालियर, दिनांक 23/10/2025 प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 07 वार्ड क्रमांक 03 भवन क्रमांक 286 स्थान श्री विहार कॉलोनी में स्थित है जो कि सुमन राठौर/ श्री रमेश प्रताप सिंह राठौर के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000331031 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602024ए11143261 दिनांक 17/09/2024 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन समाधान केन्द्र रेनवसेरा पर दिनांक 17/10/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य कमांक 64/2010/67690/67822 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 22-10-2025
आवेदक का नाम/पता
सिद्धार्थ प्रताप सिंह राठौर/ श्री हर्ष वर्धन सिंह राठौर
पता : 286,श्री विहार कॉलोनी,ग्वालियर म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 07 वार्ड क्रमांक 03 भवन क्रमांक 286 स्थान श्री विहार कॉलोनी में स्थित है जो कि सुमन राठौर/ श्री रमेश प्रताप सिंह राठौर के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 9000083533 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 750 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी142602024ए11143276 दिनांक 17/09/2024 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन समाधान केन्द्र रेनवसेरा पर दिनांक 17/10/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य कमांक 64/2010/67691/67823 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 22-10-2025
आवेदक का नाम/पता
कु. राशी राठौर/राजवर्धन सिंह राठौर
पता : 286,श्री विहार कॉलोनी,ग्वालियर म.प्र.

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 01 वार्ड क्रमांक 04 भवन क्रमांक... स्थान रघुनंदन मेंशन,सदाशिव नगर, गालव नगर,घाटमपुर में स्थित है जो कि श्रीमती जशोदा शर्मा/रमेशचंद्र शर्मा, अरशद इकवाल/एस.के.खान आदि के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक... पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 650 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी21/जीआर17402025ए100231539 दिनांक 23/04/2025 द्वारा क्रय/ उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन पर किया गया है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 22-10-2025
आवेदक का नाम/पता
मनोज गर्ग/अशोक कुमार गर्ग
पता :रघुनंदन मेंशन,सदाशिव नगर
गालव नगर,घाटमपुर,ग्वालियर म.प्र.